

जैन तीर्थवंदना



भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी का मुखपत्र

VOLUME : IV ISSUE : 8 MUMBAI, FEBRUARY 2014 PAGES : 32 PRICE : ₹25

श्री १००८ अजितनाथ भगवान, मथुरा-चौरासी क्षेत्र



पतित पावन तरण तारण, हमारी फरियाद सुन लेना।
तेरे चरणों में मस्तक है, हमें अपना बना लेना।।

R.K. MARBLE GROUP

Corporate Office : Makrana Road, Madanganj-Kishangarh, Dist.Ajmer(Raj.)-305801
Tel : +91 1463 260101-10, Fax : +91 1463 250601
E-mail : info@rkmarble.com, Website : www.rkmarble.com

अध्यक्षीय भावना

प्रिय भाइयों एवं बहिनों,

सादर जय जिनेन्द्र।

भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी के मेरे साथी पदाधिकारी, अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में, अपने कर्तव्य पालन, आप सभी धर्मप्रेमी बंधुओं के सहयोग से, करने हेतु, कदम बढ़ा रहे हैं।

श्री सम्मेदशिखरजी पर्वत पर, रास्ते का सुधार कार्य, डाक बंगले की मरम्मत, भाताघर की साफ-सफाई-रंग रोगन एवं मरम्मत तथा भगवान पार्श्वनाथ जी की टोंक पर, जिनालय के फर्श का कार्य, दरवाजे-खिड़कियों का नवीनीकरण एवं रेलिंग लगाने का कार्य, ठंडे मौसम की वजह से सही गति नहीं पकड़ पा रहा है।

डाक बंगले पर शुद्ध भोजन की व्यवस्था का शुभारम्भ किया जा चुका है। तीर्थ यात्रियों की सराहना के उद्‌गार हमारा उत्साह बढ़ा रहे हैं। एक से अधिक पूजा-वंदना करने वालों को बहुत सुविधा हो रही है। तीर्थयात्री गैरकानूनी ढंग से चल रही पर्वत पर दुकानों से अशुद्ध पदार्थों के सेवन से बच रहे हैं।

यात्रा पथ के किनारे घाटियों में, महीनों से जमा गंदगी, पालीथीन की पन्नियां-पाउच-रेपर्स की सफाई का क्रम नियमित रूप से जारी है। मधुबन स्थित तीर्थक्षेत्र कमेटी कार्यालय के प्रबंधन एवं सहयोगी, नियमित देखरेख द्वारा सफाई-व्यवस्था से सभी यात्रियों की सराहना प्राप्त कर रहे हैं।

नवीन पदाधिकारी परिषद के गठन के डेढ़ माह के अंदर ही हम, उत्तर प्रदेश, बंगाल-बिहार, झारखण्ड, गुजरात, कर्नाटक एवं मध्यप्रदेश के अनेक तीर्थक्षेत्रों तथा समीप के नगरों की यात्रा कर, क्षेत्रों की आवश्यकता एवं सुरक्षा की आवश्यक जानकारी एकत्रित करने हेतु प्रयत्नशील हैं। सुरक्षा एवं संवर्धन हेतु पूरे देश के सभी क्षेत्रों के पदाधिकारियों को सीसीटीवी कैमरे, सर्वेक्षण-प्रपत्र भरने हेतु निवेदन पत्र प्रेषित किए हैं, ताकि शीघ्रातिशीघ्र उपकरण लगाये जा सकें।

कर्नाटक यात्रा में बेंगलुरु - श्री श्रवणबेलगोला, श्री मूडबिद्री, हासन, धर्मस्थल - के तीर्थों, मंदिरों के दर्शन तथा श्रवणबेलगोला में भगवान बाहुबली के चरणों में अभिषेक-पूजन का आनंद जीवन को नई अनुभूति से आल्हादित कर गया। परम आदरणीय स्वामी चारुकीर्तिजी महापंडिताचार्य भट्टारक जी के मार्गदर्शन में, पूरे श्रवणबेलगोला में मिले आत्मीय स्वागत, सम्मान एवं वात्सल्य ने हम सभी को **कर्नाटक का चिर ऋणी बना दिया- जीवन पर्यंत के लिए।**

हम श्वेताम्बर भाइयों, प्रमुखों के साथ बैठकों के माध्यम से समन्वय का मार्ग खोजने के लिए कटिबद्ध है। विश्वासपूर्ण, सौहार्द्रपूर्ण वातावरण हमें मिलजुल कर, कानूनी चंगुल से छुटकारा दिला सकेगा- ऐसा विश्वास है।

रोशनी क्यों न आयेगी हमारे आंगन में,
हम अंधेरों को निगल जायेंगे।

श्री केशरियाजी, श्री अंतरिक्ष पार्श्वनाथ एवं श्री गिरनारजी की जटिल समस्याओं के समाधानों के बीच नई रोशनी की किरणें दिखने लगी है। हम सभी तन-मन-धन से आचार्य भगवंतों के आशीर्वाद से, हल निकालने के लिए, कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। सभी का आत्मीय सहयोग एवं गुरुजनों की दूरदृष्टि हमारा मार्ग प्रशस्त कर रही है। जैन जगत के प्रमुख श्रेष्ठीगण हमारा मार्गदर्शन कर, हमारा मनोबल बढ़ा रहे हैं।

कुछ कर गुज़रने के लिए,
मौसम नहीं मन चाहिये।
दूरियां कितनी भी हों, केवल
समर्पण चाहिये।।

अहो! पिछले माह ही हमें सपरिवार, **भगवान् अभिनंदननाथ जी** के नवीन चरण, विधि-विधान पूर्वक, शिखरजी-टोंक पर स्थापित करने का परम-परम पुण्य-सौभाग्य मिला।

श्री मूडबिद्री जी से चोरी गई बेशकीमती-रत्न प्रतिमाएं, देश के चहुंओर से बने दबाव के फलस्वरूप, वापस मिलने का समाचार जैन जगत को खुशियों से भर गया।

27 जनवरी 2014 को जैनों को 'राष्ट्रीय अल्पसंख्यक' की घोषणा-जैन धर्म के मूल सिद्धांतों-आमनाओं की मौलिकता की विजय पताका का शंखनाद सा है।

हमारी पुरजोर कोशिश है कि हम सभी जैन बंधु दिगम्बर-श्वेताम्बर मिलकर पूरे देश में (1) कत्लखानों के विरोध में (2) मांस-निर्यात के विरोध में (3) शराब-नशा के विरोध में तथा शाकाहार के समर्थन में- राष्ट्रव्यापी-चेतना-अभिमानों द्वारा केन्द्रीय शासन एवं राज्य सरकारों को उचित कार्यवाही करने हेतु बाध्य करें। हमारे तीर्थों, को 'मांस-मदिरा' मुक्त क्षेत्र घोषित करें।

राजनैतिक-क्षमतावान-योग्य जैन प्रत्याशियों को समर्थन देकर, संसद एवं राज्यसभा, विधान सभाओं में, चुनकर पहुंचने हेतु, सभी सहयोग देवें। **प्रजातंत्र में राजनैतिक बल-सामर्थ्य का होना अब नितांत आवश्यक होता जा रहा है।** सम्मान पूर्वक जीवन-यापन के लिए, धार्मिक संस्कारों की रक्षा के लिए, सभी जैनों का एकजुट होकर-सामाजिक-राजनैतिक रूप से सजग होना अब अनिवार्य लगने लगा है।

दयाधर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान।
तुलसी दया न छांड़िये, जब तक घट में प्राण।।

''अहिंसामयी धर्म की जय हो ..... जय हो ..... जय हो''

जय - जय गुरुदेव .....

जय जिनेन्द्र .....

आपका विनम्र साथी,

सुधीर जैन

अहिंसा से सात्विक भाव उत्पन्न होते हैं।

जैन तीर्थवंदना

भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी एवं
भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट का

मुखपत्र

वर्ष 4 अंक 8 फरवरी 2014

परामर्श मण्डल

डॉ. सुरेन्द्र जैन 'भारती', बुरहानपुर
डॉ. नीलम जैन, पुणे
श्री संजय जैन 'मैक्स', इंदौर
श्री श्रीकिशोर जैन, दिल्ली

संपादक

उमानाथ आर. दुबे

कार्यालय

भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी,
हीराबाग, सी.पी.टैंक, मुंबई 400 004.
फोन : 022-2387 8293 फैक्स: 022-2385937

e-mail : tirthvandana4@yahoo.com
e-mail : tirthvandana4@gmail.com
Website : www.digamberjainteerth.com

'भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी' को प्रेषित की जाने वाली राशि बैंक ऑफ बड़ौदा, वी.पी.रोड, मुंबई के सेविंग खाता नं.13100100008770 अथवा बैंक ऑफ इंडिया, सी.पी.टैंक, मुंबई के सेविंग खाता नंबर 001210100017881 में किसी भी शाखा में नि:शुल्क जमा कराकर उसकी सूचना मुंबई कार्यालय को देने की कृपा करें.

मूल्य

वार्षिक	:	300 रुपये
त्रिवार्षिक	:	800 रुपये
आजीवन (दस वर्ष)	:	2500 रुपये

विज्ञापन आमंत्रित हैं.

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के अपने हैं. सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना जरूरी नहीं है।

तीर्थंकर भगवान् श्री 1008 अजितनाथ	5
डाक बंगले पर शुद्ध भोजन व्यवस्था	7
जैन समुदाय को राष्ट्रीय स्तर पर अल्पसंख्यक का दर्जा मिला	9
अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के नए 15-सूत्री कार्यक्रम	11
THE LIKELY IMPACT OF INCLUSION OF JAINS AS NATIONAL RELIGIOUS MINORITIES	13
Prime Minister's New 15 Point Programme	1[illegible]
पारसनाथ स्टेशन तक नई रेलवे लाइन बढ़ाये जाने की मांग	16
हिन्दी समर्थ है, समृद्ध है - इसे हृदय में बसाना है	19
धर्म एक वृक्ष है कोई पत्थर तो नहीं	19
हमारे नये बने सदस्य	25



तीर्थंकर भगवान् श्री 1008 अजितनाथ, मथुरा चौरासी

तीर्थंकर भगवान् श्री 1008 अजितनाथ

—कर्मयोगी डॉ. सुरेन्द्रकुमार जैन
महामंत्री—श्री अ.भा.दि.जैन विद्वत्परिषद्
एल ६५, न्यू इन्दिरानगर, बुरहानपुर (म.प्र.)

जैनधर्म की वर्तमान चौबीस तीर्थंकरों की परम्परा में कर्मयुग के प्रतिष्ठापक प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव के उपरान्त द्वितीय तीर्थंकर के रूप में तीनलोक के कल्याण की भावना लिए हुए श्री अजितनाथ जी का जन्म हुआ। वे जन्म से ही मति, श्रुत और अवधिज्ञान के स्वामी थे। आचार्य श्री गुणभद्र स्वामी ने 'उत्तरपुराण' में उन्हें इस रूप में नमन किया है—

श्रीमान् जिनोऽजितो जीयाद् यद्वचांस्यमलान्यलम् ।
क्षालयन्ति जलानीव विनेयानां मनोमलम् ।।

अर्थात् अनन्त चतुष्टय रूप अन्तरंग लक्ष्मी और अष्ट प्रातिहार्य रूप बहिरंग लक्ष्मी से युक्त वे अजितनाथ स्वामी सदा जयवन्त रहें; जिनके कि निर्दोष—पूर्वापर विरोध आदि दोषों से रहित वचन जल की तरह भव्य जीवों के मन में स्थित रागद्वेषादिरूप मल को धो डालते हैं।

तीर्थंकर श्री अजितनाथ स्वामी का जीवनवृत्त इस प्रकार है—

जम्बूद्वीप के पूर्व विदेह क्षेत्र में सीता नदी के दक्षिण तट पर वत्स नामक देश में सुसीमा नामक नगर में राजा विमलवाहन उत्साहशक्ति, मंत्रशक्ति, फलशक्ति रूप तीन शक्तियों तथा उत्साह सिद्धि, मंत्रसिद्धि और फलसिद्धि; इन तीन सिद्धियों से युक्त जैनधर्माचरण के प्रति संकल्पबद्ध होकर राज्य करते थे। कालान्तर में जिनदीक्षा ग्रहण कर जब उन्होंने समाधिमरणपूर्वक देह त्यागी तो विजय नामक अनुत्तर विमान में जन्म लिया। वही देव अपनी आयु भोगकर तीर्थंकर नामक पुण्यप्रकृति के प्रभाव से जम्बूद्वीप के भरतक्षेत्र के अयोध्यानगर में इक्ष्वाकुवंशीय काश्यपगोत्री राजा जितुशत्रु की रानी विजयसेना के गर्भ में ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या के दिन आए और माता को सुख देते हुए माघ शुक्ल दसमी को जन्म लिया। जन्माभिषेक के उपरान्त सौधर्म इन्द्र ने उस तीर्थंकर बालक का नाम श्री अजितनाथ रखा और नमन किया। उनका चिन्ह गज (हाथी) घोषित किया गया।

तीर्थंकर श्री अजितनाथ भगवान, बंधाजी क्षेत्र

तीर्थंकर श्री अजितनाथ की आयु बहत्तर लाख पूर्व की थी। उनकी ऊँचाई ४५० धनुष की थी। उनका रंग सुवर्ण के समान पीला था।

अपने ही कर्म, अपने जीवन का दर्पण है।

उन्होंने प्रजा का पालन करते हुए १ लाख पूर्व कम अपनी आयु के तीन भाग तथा एक पूर्वांग तक राज्यभोग किया।

एक दिन आकाश में उल्का देखकर वे विषय, शरीर तथा राज्य भोग से विरक्त हो गये। लोकान्तिक देवों ने ब्रह्मस्वर्ग से आकर उनके वैराग्यमय विचारों की अनुमोदना की और उनके विचार को अनुकरणीय बताया। इस स्थिति को आचार्य श्री गुणभद्र स्वामी ने इस रूप में कहा है–

तेषां तदुदितं तस्य लोकस्येवांशुमालिनः।
स चक्षुषो यथार्थावलोकेऽगात्सहकारिताम् ।।

अर्थात् जिस प्रकार लोग देखते तो अपने नेत्रों से हैं परन्तु सूर्य उसमें सहायक हो जाता है, उसी प्रकार भगवान् यद्यपि स्वयंबुद्ध थे तो भी लोकान्तिक देवों का कहना उनके यथार्थ अवलोकन में सहायक हो गया।

तीर्थंकर श्री अजितनाथ ने अपने पुत्र श्री अजितसेन के लिए राज्य देकर सुप्रभा नामक पालकी में बैठकर सहेतुक वन में जाकर माघ शुक्ल नवमी के दिन पंचमुष्टि केशलोंचकर दिगम्बर जिनदीक्षा ले ली। उनके साथ एक हजार आज्ञाकारी राजाओं ने भी जिनदीक्षा ली। उनका साकेतनगरी के ब्रह्मा नामक राजा के यहाँ प्रथम आहार हुआ।

बारह हजार वर्ष की तपस्या के उपरान्त पौष शुक्ल एकादशी के दिन उन्हें केवलज्ञान प्राप्त हुआ। समवशरण की द्वादश सभा में उनके सिंहसेन आदि ९० गणधर थे। ३,७५० पूर्वधारी, २१,६०० शिक्षक, ९,४०० अवधिज्ञानी, २०,००० केवलज्ञानी, २०,४०० विक्रिया ऋद्धि वाले, १२,४५० मनःपर्ययज्ञानी, १२,४०० अनुत्तरवादी थे। इस तरह कुल एक लाख तपस्वी थे। प्रकुब्जा नामक प्रमुख आर्यिका सहित ३,२०,००० आर्यिकाएं, ३,००,००० श्रावक, ५,००,००० श्राविकाएं और असंख्यात देव–देवियां थीं। श्री अजितनाथ तीर्थंकर के काल में ही महाप्रतापी श्री सगर चक्रवर्ती हुए जिनके ६० हजार पुत्रों ने कैलासपर्वत के चारों ओर परिखा बनायी। कालान्तर में जिन दीक्षा ली और मोक्ष प्राप्त किया।

तीर्थंकर श्री अजितनाथ की महिमा के विषय में आचार्य श्री गुणभद्र ने लिखा है कि–

पापैः क्वापि न जीयतेऽयमिति वा दुर्वादिभिश्चाखिलै–
र्नामान्वर्थमवाप्तवानिति विदां स्तोत्रस्य पात्रं भवन्।
आर्यक्षेत्रमशेषमेष विहरन् सम्प्राप्य सम्मेदकं
स्थित्वा दिव्यनिनादयोगरहितस्तत्रैव पक्षद्वयम्।।५१।।
कुर्वाणः समयं प्रति प्रकृतिषु स्रावं गुणासङ्ख्यया
स्थित्यादिं च विघातयन् स्वमितिकं दण्डादिकं वर्तयन् ।
सूक्ष्मध्याननिरुद्धयोगविभवो विश्लिष्टदेहत्रय–
स्तुर्यध्यानसमाश्रयात्समुपयंश्चाष्टौ गुणान् शुद्धिभाक् ।।५२।।

आर्या

चैत्रज्योत्स्नापक्षे पंचम्यां रोहिणीगते चन्द्रे।
प्रतिमायोगं बिभूत्पूर्वाह्णेऽवाप मुक्तिपदम्।।५३।।

अर्थात् यह न तो कहीं पापों से जीते जाते हैं और न समस्त वादी ही इन्हें जीत सकते हैं इसलिए 'अजित' इस सार्थक नामको प्राप्त हुए हैं, इस प्रकार विद्वानों की स्तुति के पात्र होते हुए भगवान् अजितनाथ ने समस्त आर्यक्षेत्र में विहार किया और अन्त में सम्मेदाचल पर पहुँचकर दिव्यध्वनि से रहित हो एक मास तक वहीं पर स्थिर निवास किया। उस समय उन्होंने प्रतिसमय कर्म प्रकृतियों की असंख्यातगुणी निर्जरा की, उनकी स्थिति आदि का विधान किया, दण्डप्रतर आदि लोकपूरणसमुद्घात किया, सूक्ष्मक्रिया–प्रतिपाती ध्यान के द्वारा योगों का वैभव नष्ट कि. .., औदारिक, तैजस और कार्मण इन तीन शरीरों के सम्बन्ध को पृथक् किया, और सातिशय विशुद्धता को प्राप्त हो व्युपरतक्रियानिवर्ती नामक चतुर्थ शुक्ल ध्यान के आश्रय से अनन्तज्ञानादि आठ गुणों को प्राप्त किया। इस प्रकार चैत्र शुक्ल पंचमी के दिन जब कि चन्द्रमा रोहिणी नक्षत्र पर था, प्रातः काल प्रतिमायोग धारण करने वाले भगवान् अजितनाथ ने मुक्तिपद प्राप्त किया।

इस तरह द्वितीय तीर्थंकर श्री अजितनाथ ने तीर्थंकर श्री ऋषभदेव की धर्म–धारा को आगे बढ़ाया। उन्होंने सिद्ध किया कि जो सोलह कारण भावनाओं का चिन्तन करते हुए तीन लोक के जीवों की कल्याण कामना करता है वही तीर्थंकर पद को प्राप्त होता है। यह जीव भले ही स्वर्ग के सुख चाहे, मिलें तो भोग भी ले; किन्तु उनकी नश्वरता का परिज्ञान होते ही वह जिनेश्वर के मार्ग का अनुसरण करता है और मोक्ष प्राप्त करता है।

आचार्य श्री समन्तभद्र स्वामी ने वृहत्स्वयंभू स्तोत्र अजितनाथ तीर्थंकर के नाम को पृथ्वी पर अजेय शक्ति का धारक होने के कारण सार्थक मानकर उन्हें मंगलस्वरूप कहा है। वे लिखते हैं–

अद्यापि यस्याजितशासनस्य, सतां प्रेरुः प्रतिमंगलार्थम्।
प्रगृह्यते नाम परं पवित्रं, स्वसिद्धिकामेन जनेन लोके।।

अर्थात् परवादियों के द्वारा अविजित अनेकान्त मत से युक्त तथा सत्पुरुषों के प्रधान नायक जिन अजितनाथ भगवान् का अत्यन्त पवित्र नाम आज भी अपने मनोरथों की सिद्धि के इच्छुक जनसमूह के द्वारा प्रत्येक मंगल के लिए सादर ग्रहण किया जाता है।

तीर्थंकर श्री अजितनाथ स्वामी तीर्थंकरों के क्रम में भी द्वितीय थे, श्रुत के ज्ञान में भी अद्वितीय थे। हम भी उनके बताए धर्म मार्ग का अनुसरण करें और अद्वितीय बनें।

विश्व में सबसे अधिक शक्ति आत्मा के पास है।

श्री सम्मेदशिखरजी

डाक बंगले पर शुद्ध भोजन व्यवस्था

- श्री सम्मेदशिखरजी पर्वत से वंदना कर लौट रहे यात्रियों के लिए डाक बंगले पर शुद्ध भोजन की व्यवस्था प्रारम्भ
- 10 रुपये का कूपन एक दिन पहले तलहटी स्थित तीर्थक्षेत्र कमेटी के कार्यालय से लेना आवश्यक होगा
- इस ऐतिहासिक कार्य का शुभारम्भ तीर्थक्षेत्र कमेटी के महामंत्री एवं पारस चैनल के चेयरमैन श्री पंकज जैन और आर.के.मार्बल्स के निदेशक श्री अशोक जैन पाटनी के कर-कमलों से हुआ





आचार्यों ने शास्त्रों में बार-बार कहा है कि अनंतानुबंद्धी क्रोध, मान, माया, लोभ, कषाय मत करो। इससे हमारे शरीर के अंदर शांति रस के परमाणु जल जाते हैं, इसलिये आचार्यों ने श्रावकों के लिये धर्म ध्यान के लिये मन, वचन, काय को शुद्ध रखने के लिये कहा है। जितने भी यात्री तीर्थ वंदना के लिये आते हैं, वह सब धर्म ध्यान के लिये ही आते हैं। जहां वह अपनी विशुद्धि करने के लिये वंदना करते हैं, उसी को आगे बढ़ाते हुए समाज के श्रेष्ठीजनों ने यह सोचा कि वंदना के बाद उन्हें शुद्ध भोजन की व्यवस्था मिल जाए तो थके यात्रियों को आत्मचिंतन और धर्म ध्यान में वृद्धि हो सकती है। बड़ी प्रसन्नता और गौरव की बात है कि श्री सम्मेदशिखर जी में भगवान पार्श्वनाथ की टोंक से लगभग एक किलोमीटर चलकर डाक बंगले पर पारस चैनल के चेयरमैन एवं तीर्थक्षेत्र कमेटी के महामंत्री के उद्यम से शुद्ध भोजन व्यवस्था की योजना बनाई गई और 24 जनवरी, 2014 मध्याह्न 1 बजे डक बंगले पर श्री अशोक जैन पाटनी (आर.के.मार्बल्स) के कर-कमलों से मुहूर्त रूप दिया। इस अवसर पर श्री अशोक पाटनी ने कहा कि खाने की क्वालिटी शुद्ध रखना। वर्तमान में यहां भोजन व्यवस्था श्री पंकज जैन (पारस चैनल), राजेश जैन, प्रवीन जैन, अशोक जैन पाटनी- चारों श्रेष्ठियों ने मिलकर शुरुआत की है। उद्घाटन अवसर पर डॉ. सोगाणी (अपोलो अस्पताल), श्री किशोर जैन (उपाध्यक्ष, शाश्वत ट्रस्ट), श्री छीतरमल पाटनी (महामंत्री, शाश्वत ट्रस्ट), अक्षत जैन (विन्ध्या बिल्डर्स), प्रवीन कुमार जैन (सान्ध्य महालक्ष्मी), श्रीमती सुशीला जैन पाटनी (धर्मपत्नी अशोक पाटनी), श्रीमती वैशाली जैन (धर्मपत्नी पंकज जैन) समेत पर्वत वंदना कर लौट रहे सैकड़ों तीर्थयात्री मौजूद थे। साथ ही डाक बंगले के जीर्णोद्धार का कार्य पारस चैनल की ओर से श्री प्रवीन जैन करा रहे हैं।

मंगलाचरण श्रीमती सुशीला जैन पाटनी, श्रीमती वैशाली जैन एवं श्रीमती सोगाणी जैन ने किया। भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी के स्थानीय प्रबंधक श्री सुमन कुमार सिन्हा ने बताया कि इस भोजनशाला की देखरेख हमारे यहां के श्री देवेन्द्र जैन और श्री पाठक करेंगे। उन्होंने बताया कि सबसे पहले यहां की भोजन व्यवस्था सन् 1996 में श्री श्रीकिशोर जैन के प्रयासों से शुरू हुई थी। आज बड़ी प्रसन्नता की लहर समाज में फैली कि पर्वत वंदना कर लौट रहे यात्रियों को शुद्ध भोजन डाक बंगले पर प्राप्त होगा। इसके लिये यात्रियों को 10 रुपये का कूपन तलहटी स्थित तीर्थक्षेत्र कमेटी के कार्यालय से प्राप्त करना आवश्यक होगा।

जिस व्यक्ति के जीवन में कर्तव्य की पहचान है वही धर्म को पहचान पाता है।

भोजनशाला की झलकियां





असंतोषी से बड़ा कोई गरीब नहीं, संतोषी से बढ़कर कोई धनवान नहीं।

काफी लम्बे समय के बाद

जैन समुदाय को राष्ट्रीय स्तर पर अल्पसंख्यक का दर्जा मिला

- श्रीकिशोर जैन, दिल्ली

यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि काफी लम्बे समय के बाद जैन समुदाय को राष्ट्रीय स्तर पर अल्पसंख्यक का दर्जा केन्द्र सरकार ने दिया है। भारतीय संविधान में नागरिकों के मूलभूत अधिकार अध्याय के अंतर्गत सांस्कृतिक और शैक्षणिक अधिकारों में अनुच्छेद 29 में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा, संरक्षण, संवर्धन, विकास करने तथा उनका उल्लंघन अतिक्रमण होने पर शिकायतों का निवारण करने के लिए नेशनल कमीशन फार माइनोरिटीज एक्ट 1992 को संसद में पारित किया गया है। इस एक्ट की धारा 2 (सी) के अंतर्गत जैन समुदाय को राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा छठा अल्पसंख्यक समुदाय अधिसूचित किया गया है। नव वर्ष में केन्द्रीय सरकार द्वारा यह तोहफा जैन समाज को दिया गया है। उल्लेखनीय है कि यूँ तो 14 राज्यों में जैनों को पहले से ही अल्पसंख्यक घोषित किया गया है जिनमें आंध्र प्रदेश, उत्तराखण्ड एवं प. बंगाल सम्मिलित है, परन्तु राष्ट्रीय स्तर पर अल्पसंख्यक की मान्यता मिले, यह मांग पिछले कई वर्षों से की जा रही थी।

राष्ट्रीय स्तर पर जैन समुदाय को अल्पसंख्यक का दर्जा घोषित कराने में समग्र जैन समाज का, विशेषकर स्व. श्री बाल पाटिल, मुंबई, जिन्होंने इस आंदोलन को शिखर तक पहुंचाने में अथक प्रयास किया, साथ ही साथ लोकसभा के सभी सदस्यों एवं केन्द्रीय अल्पसंख्यक मंत्री श्री के.के.रहमान खानजी का योगदान रहा, जिन्होंने कानूनी स्थिति पर समीक्षात्मक स्पष्टीकरण देते हुए जैन समुदाय को राष्ट्रीय स्तर पर अल्पसंख्यक की मान्यता देने की संस्तुति करवाई। भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी, जिसने पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस बी.एन.खरे, पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस श्री एम.एन.कनिया व पूर्व चीफ जस्टिस दिल्ली होई कोर्ट जस्टिस अजीत प्रकाश शाह की लीगल ओपीनियन लेकर केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रदीप जैन 'आदित्य' के नेतृत्व में चारों जैन संप्रदाय का एक प्रतिनिधिमंडल प्रथम बार भारत सरकार के प्रधानमंत्री को मिलकर उन्हें ज्ञापन देकर यह निवेदन किया कि जैन धर्म स्वतंत्र धर्म है और भारत के संविधान की धारा 29 एवं 30 के अनुसार उसे अल्पसंख्यक का दर्जा दिया जाना चाहिए, जिसे प्रधानमंत्री ने अपनी टिप्पणी के साथ अल्पसंख्यक मंत्रालय को भिजवाया। तत्कालीन केन्द्रीय अल्पसंख्यक मंत्री श्री सलमान खुर्शीद ने अपने नोट के साथ एटार्नी जनरल को कानून मंत्रालय की ब्रीफ नोट बनाकर भिजवाने हेतु दिया, जिस पर एटॉर्नी जनरल जी.ई.वाहनवती ने जैन समुदाय को अल्पसंख्यक मान्यता देने के लिए केन्द्रीय सरकार को संवैधानिक दृष्टि से एवं नेशनल कमीशन फार माइनोरिटी एक्ट 92 की धारा (सी) के अंतर्गत अधिकार सक्षम मानते हुए लीगल ओपीनियन दी, जिसके आधार पर अल्पसंख्यक मंत्रालय ने यह विषय केबिनेट की दिनांक 20 जनवरी, 2014 की मीटिंग में प्रस्तुत किया। अतएव दिनांक 20 जनवरी, 2014 को जैसे ही यह बिल केबिनेट में रखा गया वैसे ही सर्वानुमति से स्वीकृत कर दिया गया, जिससे जैन समाज में हर्ष की लहर फैल गई है। उसके बाद 27 जनवरी, 2014 को भारत सरकार के सचिव ललित के. पंवार की हस्ताक्षरित अधिसूचना जारी की गई, जिसमें जैन समुदाय को अल्पसंख्यक समुदाय के रूप में अधिसूचित किया गया।

केन्द्रीय स्तर पर जैन समाज को अल्पसंख्यक का दर्जा दिलाने में प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह, यूपीए अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी, उपाध्यक्ष श्री राहुल गांधी, कानून मंत्री श्री कपिल सिब्बल एवं केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री प्रदीप जैन 'आदित्य' तथा केबिनेट के सभी मिनिस्टरों ने जो अहम भूमिका निभाई है उसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुधीर जैन, राष्ट्रीय महामंत्री श्री पंकज जैन (पारस चैनल) भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी महापरिवार एवं संपूर्ण जैन समाज हृदय की गहराईयों से आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता है।

जैन समुदाय अल्पसंख्यक बनने पर निम्नलिखित लाभों को प्राप्त कर सकता है :-

1. जैनधर्म की सुरक्षा होगी।
2. कम ब्याज पर लोन व्यवसाय व शिक्षा तकनीकी हेतु उपलब्ध होंगे।
3. जैनधर्म की नैतिक शिक्षा पढ़ाई कराने का जैन स्कूलों को अधिकार।
4. जैन कॉलेजों में जैन के लिए 50 प्रतिशत आरक्षित सीटें होंगी।
5. जैन धर्मावलंबियों के धार्मिक स्थल, संस्थाओं, मंदिरों, तीर्थक्षेत्रों एवं ट्रस्ट का सरकारीकरण या अधिग्रहण आदि नहीं किया जा सकेगा, अपितु धार्मिक स्थलों का समुचित विकास एवं सुरक्षा के व्यापक प्रबंध शासन द्वारा भी किए जायेंगे।
6. जैन समुदाय के अल्पसंख्यक घोषित हो जाने से संविधान के अनुच्छेद 25 से 30 के अनुसार जैन समुदाय धर्म, भाषा, संस्कृति की रक्षा संविधान में उपलब्धों के अंतर्गत हो सकेगी।
7. उपासना स्थल अधिनियम 1991 (42 आक-18-9-91) के तहत किसी धार्मिक उपासना स्थल को बनाए रखने हेतु स्पष्ट निर्देश, जिसका उल्लंघन धारा 6(3) के अधीन दंडनीय अपराध है। पुराने स्थलों एवं पुरातन धरोहर को सुरक्षित रखना। सन् 1958 के अधिनियम धारा 19 व 20 के तहत सुरक्षित हो।
8. जैन धर्मावलम्बी अपनी प्राचीन संस्कृति पुरातत्व एवं धर्मस्थलों का संरक्षण कर सकेंगे।
9. समुदाय द्वारा संचालित ट्रस्टों की सम्पत्ति को किराया नियंत्रण से भी मुक्त रखा जायेगा।
10. जो प्रतिभावान अल्पसंख्यक विद्यार्थी जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेश पाते है, उनमें गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले विद्यार्थियों का 9वीं, 10वीं, 12वीं कक्षा का शिक्षण शुल्क एवं अन्य

'जिनवाणी' मनोरंजन का नहीं, आत्मरंजन का साधन है।

FROM :SECTARYMAJ FAX NO. :01124364285 27 Jan. 2014 03:27 P 1

TO BE PUBLISHED IN THE GAZETTE OF INDIA EXTRAORDINARY
IN PART II SECTION 3 SUB-SECTION(ii)

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF MINORITY AFFAIRS

Dated 27th January, 2014

NOTIFICATION

S.O. NO. ____ ( ) In exercise of the powers conferred by clause(c) of Section 2 of the National Commission for Minorities Act, 1992(19 of 1992), the Central Government hereby notifies the Jain community as a minority community in addition to the five communities already notified as minority communities viz. Muslims, Christians, Sikhs, Buddhists and Zoroastrians(Parsis) vide Ministry of Welfare Notification SO No. 816(E) dated 23.10.1993 for the purposes of the said Act.

(Lalit K. Panwar)
Secretary to the Govt. of India 27.1.14

F. No. 1-1/2009-NCM

The Manager
Government of India Press,
Maya Puri
New Delhi

लिया जाने वाला शुल्क पूर्णतः माफ कर दिया जायेगा।

11. जैन मंदिरों तीर्थ स्थलों, शैक्षणिक संस्थाओं इत्यादि के प्रबंध की जिम्मेदारी समुदाय के हाथ में दी जायेगी।

12. अल्पसंख्यक समुदाय के धार्मिक स्थल के समुचित विकास एवं सुरक्षा के व्यापक प्रबंध शासन द्वारा किये जायेंगे।

13. शैक्षणिक एवं अन्य संस्थाओं को स्थापित करने या उनके संचालन में सरकारी हस्तक्षेप कम हो जायेगा।

14. जैन धर्मावलम्बी द्वारा पुण्यार्थ, प्राणीसेवा, शिक्षा इत्यादि हेतु दान धन कर मुक्त होगा।

15. विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कोचिंग कॉलेजों में समुदाय के विद्यार्थियों को फीस माफ या कम होने की सुविधा प्राप्त होगी।

16. जैन धर्मावलम्बी को बहुसंख्यक समुदाय के द्वारा प्रताड़ित किये जाने की स्थिति में सरकार जैन धर्मावलंबी की रक्षा करेगी।

17. सरकार द्वारा जैन समुदाय को स्कूल, कॉलेज, छात्रावास, शोध या प्रशिक्षण संस्थान खोलने हेतु सभी सुविधाएं एवं रियायती दर पर जमीन उपलब्ध करवाई जायेगी।

18. जैन समुदाय द्वारा संचालित जिन संस्थाओं पर कानून की आड़ में बहुसंख्यकों ने कब्जा जमा रखा है, उनसे मुक्ति मिलेगी।

19. जैन समुदाय के विद्यार्थियों को प्रशासनिक सेवाओं और व्यावसायिक पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण हेतु अनुदान मिल सकेगा।

20. अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं में खेलकूद व अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रोत्साहन हेतु अनुदान एवं छात्रवृत्तियों में विशेष प्रावधानों का लाभ मिल सकेगा, ताकि गरीबी रेखा से नीचे आने वाले तथा आर्थिक स्थिति में कमजोर वर्ग का शैक्षणिक सामाजिक एवं आर्थिक विकास हो सकेगा।

21. अल्पसंख्यक समुदाय के लिए कराए गए आर्थिक सामाजिक, शैक्षणिक स्थिति के सर्वेक्षण के आधार पर रोजगारमूलक सुविधा का लाभ मिलेगा।

अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के नए 15-सूत्री कार्यक्रम

माननीय राष्ट्रपति ने 25 फरवरी, 2005 को संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए घोषणा की थी कि सरकार कार्यक्रम विशिष्ट बातों को ध्यान में रखते हुए अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए नए सिरे से 15 सूत्री कार्यक्रम तैयार करेगी। स्वतंत्रता दिवस 2005 के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम अपने संदेश में अन्य बातों के साथ-साथ कहा कि 'हम अल्पसंख्यकों के लिए संशोधित एवं बेहतर 15 सूत्री कार्यक्रम तैयार करेंगे। नए 15 सूत्री कार्यक्रम के निश्चित लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा में प्राप्त किया जाएगा।' इन्हीं वचनबद्धताओं के अनुपालन में पिछले कार्यक्रम को संशोधित करते हुए अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री का नया 15 सूत्री कार्यक्रम तैयार किया गया।

2. कार्यक्रम के उद्देश्य निम्नलिखित हैं :

क) शिक्षा अवसरों को बढ़ावा देना।

ख) मौजूदा और नई योजनाओं के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों तथा रोजगार में अल्पसंख्यकों के लिए समान हिस्सेदारी सुनिश्चित करना, स्वरोजगार के लिए ऋण सहायता में वृद्धि और राज्य तथा केन्द्र सरकार के पदों पर भर्ती करना।

ग) आधारभूत ढांचा विकास योजनाओं में अल्पसंख्यकों की उपयुक्त हिस्सेदारी सुनिश्चित करके उनके रहन-सहन के स्तर में सुधार लाना।

घ) सांप्रदायिकता तथा हिंसा पर नियंत्रण एवं रोकथाम।

3. नए कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यक समुदाय के लाभ से वंचित लोगों तक पहुंचे। अल्पसंख्यक समुदाय के लाभ से वंचित लोगों को निश्चित रूप से विभिन्न सरकारी योजनाओं के लक्षित समूह में शामिल किया जाना चाहिए। अल्पसंख्यक समुदाय को इन योजनाओं का लाभ उचित रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से नए कार्यक्रम में अल्पसंख्यक समुदायों की घनी जनसंख्या वाले क्षेत्रों में यथानुपात विकास परियोजनाओं की परिकल्पना की गई है। इसमें यह भी प्रावधान किया गया है कि जहां कहीं भी संभव हो विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत व्यय राशि का 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए निर्धारित किया जाए।

4. कार्यक्रम में उपयुक्त उपायों के माध्यम से सांप्रदायिक शांति और सौहार्द बनाए रखने तथा सार्वजनिक क्षेत्र सहित सरकार में अल्पसंख्यकों के प्रति हमेशा सहानुभूति रखने के प्रयास के रूप में उन्हें उचित प्रतिनिधित्व देने पर बल दिया गया है। यह नए कार्यक्रम का महत्वपूर्ण पहलू है।

5. कार्यक्रम में अल्पसंख्यकों के लिए किसी भी योजना के मानदंडों, मानकों अथवा पात्रता शर्तों में किसी प्रकार के परिवर्तन अथवा इनमें किसी छूट की परिकल्पना नहीं की गई है। ये योजनाएं कार्यक्रम में शामिल मूल योजनाओं के रूप में ही रहेंगे।

6. 15-सूत्री कार्यक्रम में व्यक्त शब्द 'महत्वपूर्ण अल्पसंख्यक आबादी' उन जिलों/उप जिला इकाइयों में लागू होता है जहां जिस इकाई की कुल आबादी की न्यूनतम 25 प्रतिशत आबादी अल्पसंख्यक समुदायों से सम्बद्ध हो।

7.(क) कार्यक्रम के लक्षित समूह में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 के अनुच्छेद 2(ग) के अंतर्गत अधिसूचित अल्पसंख्यकों अर्थात् मुस्लिमों, ईसाइयों, सिखों, बौद्धों तथा जोरोएस्ट्रियन (पारसी) के पात्र वर्गों को शामिल किया गया है।

(ख) उन राज्यों में, जहां कोई एक अल्पसंख्यक समुदाय राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 के अनुच्छेद (2) के अधीन अधिसूचित हो, अर्थात बहुसंख्यक हो तो विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत भौतिक/वित्तीय लक्ष्यों का निर्धारण केवल अन्य अधिसूचित अल्पसंख्यकों के लिए किया जाएगा। ये राज्य हैं जम्मू और कश्मीर, पंजाब, मेघालय, सिक्किम, मिजोरम तथा नगालैंड। लक्षद्वीप इस समूह में एकमात्र संघ शासित क्षेत्र है।

8. नया कार्यक्रम राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों के माध्यम से संबंधित केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा। संबंधित मंत्रालय/विभाग इस कार्यक्रम के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करेगा जो न्यूनतम भारत सरकार के संयुक्त सचिव रैंक का होगा। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय इस कार्यक्रम का नोडल मंत्रालय होगा।

9. भौतिक लक्ष्य तथा वित्तीय व्यय :

कार्यक्रम की जटिलता तथा इसकी व्यापक पहुंच को ध्यान में रखते हुए, जहां कहीं भी संभव होगा, संबंधित मंत्रालय/विभाग भौतिक लक्ष्यों तथा वित्तीय व्यय का 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए निर्धारित करेगा। इसका विभाजन निम्नलिखित पहलुओं पर निर्भर करते हुए देश में गरीबी की रेखा के नीचे रह रही कुल अल्पसंख्यक आबादी को ध्यान में रखकर राज्य/संघ शासित क्षेत्र विशेष में गरीबी की रेखा के नीचे रह रही आबादी के यथानुपात आधार पर राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के बीच किया जाएगा :-

(क) (i) ग्रामीण क्षेत्र विशेष के लिए लागू योजनाओं के लिए ग्रामीण क्षेत्र में गरीबी की रेखा के नीचे रह रही अल्पसंख्यक आबादी के केवल संगत अनुपात पर विचार किया जाएगा।

(ii) शहरी क्षेत्र विशेष के लिए लागू योजनाओं के लिए शहरी क्षेत्र में गरीबी की रेखा के नीचे रह-रही अल्पसंख्यक आबादी के केवल संगत अनुपात पर विचार किया जाएगा।

(iii) अन्यों के लिए, जहां इस प्रकार का अंतर संभव नहीं है, इनकी कुल संख्या पर विचार किया जाएगा।

(ख) पैरा 7(ख) में उल्लिखित राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के मामले में अन्य बहुसंख्यकों के अलावा सिर्फ गरीबी की रेखा से नीचे रह रहे अल्पसंख्यकों के लिए ही भौतिक लक्ष्यों तथा वित्तीय व्यय का निर्धारण होगा।

10. इस प्रकार के निर्धारण के लिए निम्नलिखित योजनाएं पात्र हैं :

सूत्र सं.(क) शिक्षा अवसरों को बढ़ावा देना।

(1) एकीकृत बाल विकास सेवाओं की समुचित उपलब्धता। एकीकृत बाल विकास सेवाएं आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से अपनी सेवाएं प्रदान करेगी।

(2) विद्यालयी शिक्षा की उपलब्धता को सुधारना।

सर्व शिक्षा अभियान, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योजना तथा इसी तरह की अन्य सरकारी योजनाएं।

सूत्र सं. (ख) आर्थिक कार्यकलापों और रोजगार में समुचित हिस्सेदारी

(7) गरीबों के लिए स्व-रोजगार तथा मजदूरी रोजगार।

(क) स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना

(ख) स्वर्ण जयंती शहरी रोजगारयोजना

(ग) संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना

(8) तकनीकी शिक्षा के माध्यम से कौशल उन्नयन को बढ़ाना।

नए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) तथा मौजूदा प्रशिक्षण संस्थानों को उन्नत बनाना।

(9) आर्थिक क्रियाकलापों के लिए अभिवृद्धि ऋण सहायता।

(क) प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत बैंक ऋण देना

सूत्र सं.(ग) : अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों के जीवनस्तर की दशा में सुधार करना।

(11) ग्रामीण आवास योजना में उचित हिस्सेदारी

इंदिरा आवास योजना

(12) अल्पसंख्यक समुदायों वाली मलिन बस्तियों की स्थिति में सुधार

एकीकृत आवास एवं मलिन बस्ती विकास कार्यक्रम और जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण कार्यक्रम

11. कार्यान्वयन, देखरेख तथा रिपोर्टिंग -

क. मंत्रालय/विभाग स्तर :

कार्यक्रम में शामिल योजनाओं को कार्यान्वित करने वाले मंत्रालय/विभाग भौतिक लक्ष्यों और वित्तीय व्यय के परिप्रेक्ष्य में इन योजनाओं का कार्यान्वयन करेंगे तथा इनकी देखरेख करेंगे। संबंधित मंत्रालय/विभाग इन कार्यक्रमों के अंतर्गत इन योजनाओं के संबंध में मासिक आधार पर कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करेंगे और तिमाही आधार पर कार्यान्वयन प्रगति की रिपोर्ट अगली तिमाही के पन्द्रहवें दिन अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को भेजेंगे।

ख. राज्य/संघ शासित क्षेत्र स्तर :

(i) राज्य/संघ शासित क्षेत्र अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्री कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए राज्य स्तरीय समिति का गठन करेंगे। समिति के अध्यक्ष मुख्य सचिव होंगे और इसके सदस्यों में 15 सूत्री कार्यक्रम के अधीन योजनाएं लागू करने वाले विभागों के सचिव और विभाग प्रमुख, पंचायती राज संस्थानों/स्वायत्त जिला परिषदों के प्रतिनिधि अल्पसंख्यकों से संबद्ध ख्यातिप्राप्त गैर-सरकारी संगठनों के तीन प्रतिनिधि तथा ऐसे तीन अन्य सदस्य जिन्हें राज्य सरकार/संघ शासित क्षेत्र द्वारा उपयुक्त समझा गया हो, शामिल होंगे। राज्य/संघ शासित क्षेत्र के अल्पसंख्यकों से संबद्ध विभाग 15 सूत्री कार्यक्रम की देखरेख के लिए नोडल विभाग बना सकते हैं। समिति के हर तिमाही में कम-से-कम एक बार अपनी बैठक करनी होगी तथा राज्य/संघ शासित क्षेत्र के अल्पसंख्यकों से संबद्ध विभाग अगली तिमाही के पन्द्रहवें दिन अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को तिमाही प्रगति रिपोर्ट भेज सकेंगे।

(ii) जिला स्तर :

इसी तरह से, अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्री कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए जिला स्तर पर जिला स्तरीय समिति का गठन कर सकते हैं। कार्यक्रम कार्यान्वित करने वाले विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों, पंचायती राज संस्थानों/स्वायत्त जिला परिषदों, अल्पसंख्यकों से संबद्ध ख्यातिप्राप्त संस्थानों के तीन प्रतिनिधियों सहित जिले के कलेक्टर/उपायुक्त इसके प्रमुख होंगे। जिला स्तरयी समिति कार्यान्वयन की प्रगति रिपोर्ट को राज्य स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत करने से पूर्व अल्पसंख्यकों से संबद्ध मंत्रालयों/विभागों को पेश करेगी।

ग. केन्द्रीय स्तर :

(i) केन्द्रीय स्तर पर लक्ष्यों के परिप्रेक्ष्य में कार्यान्वयन की प्रगति की देखरेख छमाही में एक बार सचिवों की समिति करेगी और अपनी रिपोर्ट केन्द्रीय मंत्रिमंडल को प्रस्तुत करेगी। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय नोडल मंत्रालय के रूप में इस संबंध में अपनी रिपोर्ट तैयार करेगा और उसे छमाही में एक बार सचिवों की समिति और केन्द्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष प्रस्तुत करेगा। इस कार्यक्रम के संबंध में सभी संबंधित मंत्रालय/विभाग अपनी तिमाही रिपोर्ट अगली तिमाही के पन्द्रहवें दिन अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को प्रस्तुत करेगा।

(ii) अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्री कार्यक्रम के लिए एक पुनरीक्षा समिति होगी। सभी संबंधित मंत्रालयों/विभागों के नोडल अधिकारियों सहित अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का सचिव इस समिति का प्रमुख होगा। प्रगति की समीक्षा करने, फीडबैक प्राप्त करने, समस्याओं को सुलझाने तथा स्पष्टीकरण प्रदान करने के लिए, जैसा भी आवश्यक हो, इस समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में एक बार होगी।

THE LIKELY IMPACT OF INCLUSION OF JAINS AS NATIONAL RELIGIOUS MINORITIES UNDER SECTION 2 (C) OF NATIONAL COMMISSION FOR MINORITIES ACT, 1992:

(1) **Social, Economic & Educational**

Prime Minister's 15 Point Programme for welfare of Minorities is enclosed herewith in Hindi & English. In it now Jains automatically stand included at all such places where the other 5 national minorities have been named. Similarly we will be entitled to all benefits under the said scheme as are available to other national religious minorities.

Under the said programme the Jain community can now seek greater resources for teaching Prakrit and can also press the respective state governments as well as central education bodies like NCERT to include Prakrit as a more mainstream subject like Sanskrit and Urdu.

Jain educational institutions will enjoy a far greater degree of autonomy in their day to day working and management as is enjoyed by a Madrasa with less interference from Education Board / Departments.

Jain educational institutions will be eligible for central funds to improve and modernize and upgrade themselves.

Jain educational institutions will not be required to seek yearly minority certificate from respective state governments. This is however subject to the relevant rules and regulations of each state.

(2) **Legal**

Under Section 9 of National Commission for Minorities Act, 1992 the National Commission has the following powers:

i. *The Commission shall perform all or any of the following functions, namely:-*

- *a.* *evaluate the progress of the development of Minorities under the Union and States.*
- *b.* *monitor the working of the safeguards provided in the Constitution and in laws enacted by Parliament and the State Legislatures.*
- *c.* *make recommendations for the effective implementation of safeguards for the protection of the interests of Minorities by the Central Government or the State Governments.*
- *d.* *look into specific complaints regarding deprivation of rights and safeguards of the Minorities and take up such matters with the appropriate authorities.*
- *e.* *cause studies to be undertaken into problems arising out of any discrimination against Minorities and recommend measures for their removal.*
- *f.* *conduct studies, research and analysis on the issues relating to socio-economic and educational development of Minorities.*
- *g.* *suggest appropriate measures in respect of any Minority to be undertaken by the Central Government or the State Governments.*
- *h.* *make periodical or special reports to the Central Government on any matter pertaining to Minorities and in particular the difficulties confronted by them.*

i. *any other matter which may be referred to it by the Central Government.*

ii. *The Central Government shall cause the recommendations referred to in clause (c) of sub-section (1) to be laid before each House of Parliament along with a memorandum explaining the action taken or proposed to be taken on the recommendations relating to the Union and the reasons for the non-acceptance, if any, of any of such recommendations.*

iii. *Where any recommendation referred to in clause (c) of sub-section (1) or any part thereof is such with which any State Government is concerned, the Commission shall forward a copy of such recommendation or part to such State Government who shall cause it to be laid before the Legislature of the State along with a memorandum explaining the action taken or proposed to be taken on the recommendations relating to the State and the reasons for the non-acceptance, if any, of any of such recommendation or part.*

iv. *The Commission shall, while performing any of the functions mentioned in sub-clauses (a), (b) and (d) of sub-section (1), have all the powers of a civil court trying a suit and, in particular, in respect of the following matters, namely:-*

- *a.* *summoning and enforcing the attendance of any person from any part of India and examining him on oath.*
- *b.* *requiring the discovery and production of any document.*
- *c.* *receiving evidence of affidavits.*
- *d.* *requisitioning any public record or copy thereof from any court or office.*
- *e.* *issuing commissions for the examination of witnesses and documents; and*
- *f.* *any other matter which may be prescribed.*

Under Section 9 (i) (d) quoted *ibid* Jain community can approach the National Commission for Minorities in relation to complaints regarding deprivation of our rights. Theoretically in such cases the National Commission can initiate its own proceedings by virtue of the powers vested in in under Section 9 (iv) and can also suggest safeguards and take up the matter with appropriate authorities.

In cases where Jain community have been targeted specifically in communal riots (Example – Kesariya Ji), the National Commission can play a very strong and active role specifically if the State Government is not doing the needful.

Prime Minister's New 15 Point Programme for the Welfare of Minorities

(A) Enhancing opportunities for Education

(1) Equitable availability of ICDS Services

The Integrated Child Development Services (ICDS) Scheme is aimed at holistic development of children and pregnant/lactating mothers from disadvantaged sections, by providing services through Anganwadi Centres such as supplementary nutrition, immunization, health check-up, referral services, pre-school and non-formal education. A certain percentage of the ICDS projects and Anganwadi Centres will be located in blocks/villages with a substantial population of minority communities to ensure that the benefits of this scheme are equitably available to such communities also.

(2) Improving access to School Education

Under the Sarva Shiksha Abhiyan, the Kasturba Gandhi Balika Vidyalaya Scheme, and other similar Government schemes, it will be ensured that a certain percentage of all such schools are located in villages/localities having a substantial population of minority communities.

(3) Greater resources for teaching Urdu

Central assistance will be provided for recruitment and posting of Urdu language teachers in primary and upper primary schools that serve a population in which at least one-fourth belong to that language group.

(4) Modernizing Madarsa Education

The Central Plan Scheme of Area Intensive and Madarsa Modernization Programme provides basic educational infrastructure in areas of concentration of educationally backward minorities and resources for the modernization of Madarsa education. Keeping in view the importance of addressing this need, this programme will be substantially strengthened and implemented effectively.

(5) Scholarships for meritorious students from minority communities

Schemes for pre-matric and post- matric scholarships for students from minority communities will be formulated and implemented.

(6) Improving educational infrastructure through the Maulana Azad Education Foundation

The Government shall provide all possible assistance to Maulana Azad Education Foundation (MAEF) to strengthen and enable it to expand its activities more effectively.

(B) Equitable Share in Economic Activities and Employment

(7) Self-Employment and Wage Employment for the poor

(a) The Swarnjayanti Gram Swarojgar Yojana (SGSY), the primary self-employment programme for rural areas, has the objective of bringing assisted poor rural families above the poverty line by providing them income generating assets through a mix of bank credit and Governmental subsidy. A certain percentage of the physical and financial targets under the SGSY will be earmarked for beneficiaries belonging to the minority communities living below the poverty line in rural areas.

(b) The Swarn Jayanti Shahari Rojgar Yojana (SJSRY) consists of two major components namely, the Urban Self-Employment Programme (USEP) and the Urban Wage Employment Programme (UWEP). A certain percentage of the physical and financial targets under USEP and UWEP will be earmarked to benefit people below the poverty line from the minority communities. (c) The Sampurna Grameen Rozgar Yojana (SGRY) is aimed at providing additional wage employment in rural areas alongside the creation of durable community, social and economic infrastructure. Since the National Rural Employment Guarantee Programme (NREGP) has been launched in 200 districts, and SGRY has been merged with NREGP in these districts, in the remaining districts, a certain percentage of the allocation under SGRY will be earmarked for beneficiaries belonging to the minority communities living below the poverty line till these districts are taken up under NREGP. Simultaneously, a certain percentage of the allocation will be earmarked for the creation of infrastructure in such villages, which have a substantial population of minorities.

(8) Upgradation of skills through technical training

A very large proportion of the population of minority communities is engaged in low-level technical work or

Anger burns the nature of man just like fire burns things.

earns its living as handicraftsmen. Provision of technical training to such people would upgrade their skills and earning capability. Therefore, a certain proportion of all new ITIs will be located in areas predominantly inhabited by minority communities and a proportion of existing ITIs to be upgraded to 'Centres of Excellence' will be selected on the same basis.

(9) Enhanced credit support for economic activities

(a)The National Minorities Development & Finance Corporation (NMDFC) was set up in 1994 with the objective of promoting economic development activities among the minority communities. The Government is committed to strengthen the NMDFC by providing it greater equity support to enable it to fully achieve its objectives.

(b) Bank credit is essential for creation and sustenance of self-employment initiatives. A target of 40% of net bank credit for priority sector lending has been fixed for domestic banks. The priority sector includes, inter alia, agricultural loans, loans to small-scale industries & small business, loans to retail trade, professional and self-employed persons, education loans, housing loans and micro-credit. It will be ensured that an appropriate percentage of the priority sector lending in all categories is targeted for the minority communities.

(10) Recruitment to State and Central Services

(a) In the recruitment of police personnel, State Governments will be advised to give special consideration to minorities. For this purpose, the composition of selection committees should be representative.

(b) The Central Government will take similar action in the recruitment of personnel to the Central police forces.

(c) Large scale employment opportunities are provided by the Railways, nationalized banks and public sector enterprises. In these cases also, the concerned departments will ensure that special consideration is given to recruitment from minority communities.

(d) An exclusive scheme will be launched for candidates belonging to minority communities to provide coaching in government institutions as well as private coaching institutes with credibility.

(C) Improving the conditions of living of minorities

(11) Equitable share in rural housing scheme

The Indira Awaas Yojana (IAY) provides financial assistance for shelter to the rural poor living below the poverty line. A certain percentage of the physical and financial targets under IAY will be earmarked for poor beneficiaries from minority communities living in rural

(12)Improvement in condition of slums inhabited by minority communities

